दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 147 मुरादाबाद 22 September 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## फैक्टचेकर और नफरत फैलाने वालों में अंतर समझना होगा, मोहम्मद जुबैर पर बोले अनुराग ठाकुर




फैक्टचेकर और उसके नाम पर समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले लोगों के बीच अंतर को समझना जरूरी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को संसद में यह बात कही। आरजेडी के सांसद मनोज कुमार झा के एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा, %यह समझना जरूरी है कि फैक्टचेकर कौन है और कौन समाज में वैमनस्यता फैलाने का प्रयास करता है। यदि उनके खिलाफ शिकायत दर्ज होती है तो फिर कानून अपने मुताबिक काम करेगा। मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए मनोज झा ने पूछा था कि समाज में नफरत फैलाने वाले लोगों से निपटने के लिए क्या प्रक्रिया है।अल्ट न्यूज के फाउंडर मोहम्मद जुबैर को सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को ही जमानत मिली थी। उन्हें यूपी में दर्ज 6 एफआईआर में सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए अंतरिम बेल का आदेश दिया था। इसके बाद वह कल शाम को जेल से बाहर आए थे। मनोज झा ने कहा था, मैं कहना चाहूंगा कि जिन लोगों के भाषणों के चलते समाज में वैमनस्यता फैलती है, उनके खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया जाता है। लेकिन फैक्ट चेकर्स के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, जैसा हमने पिछले दिनों देखा है।

इस पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि अखबारों के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज होने पर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से फैसला लिया जाता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ऐंड आईटी मिनिस्ट्री की ओर से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित कॉन्टेंट पर कार्रवाई की जाती है उन्होंने कहा कि समाज में फैक्ट चेक के नाम पर वैमनस्यता फैलाने वाले लोगों पर कानून के तहत ऐक्शन हुआ है। इसमें मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है। मोहम्मद जुबैर बुधवार की शाम को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कुछ घंटों बाद तिहाड़ जेल से रिहा हुए थे। उन्हें एक ट्वीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह अरेस्ट किया था, जिसे उन्होंने 2018 में लिखा था। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2021-22 में फेक न्यूज फैलाने वाले 94 यूट्यूब चैनलों, 747 यूआरएल और 19 सोशल मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक किया था।

## यूपी विधानसभा सदन में अखिलेश ने उठाया आजम का मुद्दा, बोले- बहुत मिल चुकी सजा



यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सपा सदस्यों ने हंगामा किया। सदन शुरू होते ही प्रश्नकाल के पहले ही सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने आजम खां का मुद्दा उठाया। आजम खान का उत्पीड़न हो रहा है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान पर बोलते हुए कहा कि भाजपा आजम का उत्पीड़न कर रही है। अखिलेश ने कहा कि आजम खान को और प्रताड़ित न करे। उन्हें काफी सजा मिल चुकी है। उन पर बदले की भावना से फर्जी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। इस पर मंत्री सुरेश खन्ना जवाब देते हुए कहा कि कोई मुकदमा फर्जी नहीं है। कानून से ऊपर कोई नहीं है। बदले की भावना से काम करने का आरोप गलत है। हम खण्डन करते हैं। जिसने गवाही दी है वह उसी जाति का है, मुकदमा लिखाया गया उसी जाति का है। गवाह को गवाही देने जिस दिन जाना था, तो सुबह लोगों ने पहुंच कर धमकाया गया, इस मामले में कोतवाली में मुकदमा लिखा गया है। विवेचना चल रही है। पीड़ित ने मुकदमा लिखाया । क़ानून से ऊपर कोई नहीं, क़ानून सब के लिए बराबर है। मशीन मामले में दो लोग पकड़े गए थे, उन्होंने जानकारी दी सब के सामने दिन में वीडियोग्राफी करा कर निकाला गया। मुक़दमा लिखाया गया। इस पर अखिलेश यादव बीच में बोले कि 5 साल से मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी सरकार की देखरेख में है। इससे पहले विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा कराने को लेकर सपा सदस्यों ने थोड़ा हंगामा किया था और वेल में आ गए। मंगलवार को सुबह 11 बजे जब सदन बैठा तो नेता प्रतिपक्ष व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं ठप है। पहले स्वास्थ्य सेवाएं पर चर्चा हो। स्पीकर सतीश महाना ने कहा कि किस नियम में आप यह मुद्दा उठाना चाहते है। अखिलेश ने नियम 311 का हवाला दिया। महाना ने कहा कि यह नियम क्या है। आप जानते हैं तो बता दीजिये। अखिलेश ने कहा कि अगर हम नियम नहीं जानते तो आप बता दीजिये। इस पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे व वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने नियमों का हवाला दिया। अखिलेश ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं पर मानवाधिकार आयोग ने सरकार को नोटिस दे रखा है। महाना ने कहा कि नियम 311 को मैं अग्राह्य करता हूं। इस पर सपा सदस्य वेल में आकर हंगामा करने लगे। और नारे लगाए कि तानाशाही की सरकार नहीं चलेगी।

### दूसरे दिन आजम खां के मामले पर असमंजस में आ गए थें सदस्य

मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ने नियम-56 के तहत विपक्ष से मुद्दे उठाने को कहा तो सपा सदस्य फिर ऊहापोह में दिखे। महाना ने कहा कि अरे आप ही लोगों ने आजम खां के मामले में सूचना दी है और अब आजम खां का मामला सदन में नहीं उठाएंगे क्या...उन्होंने तंज किया। सपा सदस्यों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई कि अब धरने पर बैठे रहें कि आजम खां का मसला उठाएं। कुछ हिचकिचाहट के साथ सपा सदस्यों ने वेल में बैठे रहना ज्यादा उचित समझा।

## फिर विवादों में भारत जोड़ो यात्रा, केरल में पहले लगाए वीर सावरकर के पोस्टर; फिर गांधी जी की तस्वीरों से ढका




कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा फिर विवादों को घेरे में आ गई। केरल में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर को महात्मा गांधी की तस्वीर से ढक दि?या गया, जिसे बुधवार को कोच्चि में लगाया गया था। यात्रा में देश के स्वतंत्रता सेनानियों के पोस्टर लगाए गए थे। उन पोस्टर्स में केवल वीर सावरकर के पोस्टर को ही हटाया गया।

### वीर सावरकर के विचारों का विरोध करती रही है कांग्रेस

ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी स?वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का हमेशा विरोध करती रही है। विशेष रूप से राहुल गांधी समय-समय पर हमले किए हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा विनायक दामोदर सावरकर को महान स्वतंत्रता सेनानी मानती है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर बोलते रहते हैं।

### कई विवादों के घेरे में आ चुकी है भारत जोड़ो यात्रा

भारत जोड़ो यात्रा के 14 दिन में ही कई विवादों के घेरे में आ चुकी है। एक विवाद नफरती बयान देने वाले पादरी से राहुल गांधी की मुलाकात से उभरा। उसके बाद दूसरा विवाद कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के गणवेश को आग लगाते हुए। इस ट्वीट से यही स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस भारत जोड़ने के नाम पर आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधना चाहती है।

### भारत जोड़ो का 14 वां दिन

राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ बुधवार को 14वें दिन कोच्चि से भारत जोड़ो यात्रा फिर से शुरू की। कोच्चि जिले में डेरा डाले हुए नेताओं ने बुधवार सुबह 6.45 बजे मदवाना से यात्रा शुरू की, जहां से नेता सुववबह 13 किमी चलकर एडापल्ली तक पहुंचे।

# दिल्ली के एम्स में राजू श्रीवास्तव का हुआ निधन,पत्रकार व समाजसेवियों ने दु:ख व्यक्त किया

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- वाराणसी के पत्रकार तौफीक खान,सुषमा मौर्य ,प्रियंका, ज्योति व समाजसेवी सबा खान ने आज दु:ख व्यक्त करते हुए बताया कि राजू श्रीवास्तव के निधन से काफी दु:ख हुवा,सबको हंसाने वाला आज दुनिया को रुला कर चला गया। बता दे कि कॉमेडियन और अभिनेता राजू श्रीवास्तव का बुधवार को निधन हो गया है.वे 10 अगस्त को दिल का दौरा पड़ने के बाद से एम्स में भर्ती थे. राजू श्रीवास्तव 58 साल के थे. उन्हें उस समय हार्ट अटैक आया था,जब वो दिल्ली के एक जिम में एक्सरसाइज कर रहे थे. पत्रकार तौफीक खान ने दु:ख व्यस्त करते हुए कहा कि राजू श्रीवास्तव के यूं अचानक अलविदा कहने से सभी शॉक्ड हैं. बॉलीवुड और टीवी गलियारों में मातम पसरा हुआ है. किसी को भी इस खबर पर यकीन नहीं हो रहा. सोशल मीडिया पर नम आंखों से फैंस और सेलेब्स कॉमेडियन को याद कर रहे हैं. उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं. समाजसेवी सबा खान ने दु:ख व्यस्त करते हुए बताया कि वो चेहरा जो हमेशा हंसता हुआ ही नजर आया था,चाहे टीवी स्क्रीन हो या सोशल मीडिया अकाउंट, अपने शानदार सेंस ऑफ ह्यूमर की बदौलत करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करने वाले राजू का यूं अलविदा कह जाना शॉकिंग है।



पत्रकार प्रियंका ने दु:ख व्यस्त करते हुए कहा कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में राजू की कमी कोई नहीं पूरी कर पाएगा,वो सदाबहार थे। तो पत्रकार ज्योति ने राजू श्रीवास्तव के मृत्यु पर दु:ख जाहिर करते हुए कहा कि राजू श्रीवास्तव अपनी फिटनेस का काफी ध्यान रखते थे.राजू जिम और वर्कआउट को मिस नहीं करते थे.वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थे और हमेशा फैंस को हंसाना ही उनका मकसद होता था. उनके इंस्टा अकाउंट पर कई फनी और मजेदार वीडियोज आपको देखने को मिल जाएंगी.राजू श्रीवास्तव अब इन्हीं कॉमिक वीडियोज के जरिए फैंस की यादों में बने रहेंगे. राजू अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए.राजू श्रीवास्तव एक्टर, कॉमेडियन होने के साथ साथ नेता भी थे. वे बीजेपी से जुड़े थे. राजू का बिना किसी गॉडफादर के इतनी सफलता हासिल करना इंस्पायरिंग है. पत्रकार सुषमा ने कहा कि कॉमेडी प्रेमियों के %गजोधर% श्री राजू श्रीवास्तव जी के निधन का समाचार दुखद है।उन्होंने हास्य विधा का एक नया स्वरूप देश के सामने प्रस्तुत किया।उनका जाना कला की एक बड़ी क्षति है।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं उनके परिवार तथा चाहने वालों को हिम्मत दे।

# भाजपा नेता के भतीजे के अपहरण का प्रयास, एक आरोपित गिरफ्तार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- जीटी रोड स्थित धनीपुर मंडी गेट के सामने से रात भाजपा नेता के भतीजे का लेन-देन के विवाद में कार सवारों ने अपहरण का प्रयास किया हंगामा होने व भीड़ के चलते आरोपित इसमें सफल नहीं हो सके एक कार में सवार तीन युवकों में से एक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया


गांधी पार्क क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी भाजपा नेता भूपेंद्र के भाई विनोद के बेटे मनु का छैरत के लड़कों से लेन-देन का विवाद चल रहा है रात मनु धनीपुर मंडी गेट के पास खड़ा था तभी कार में तीन लड़के आए गाली-गलौज से शुरू हुई बात मारपीट में बदल गई मनु को कार में खींच लिया शोर होने पर आसपास के लोग आ गए तभी मनु कार से बाहर आ गया इंस्पेक्टर महुआ खेड़ा निवासी विजयकांत शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित छैरत का अनिवास है उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई है दोनों पक्ष एक दूसरे को जानते भी हैं

# किशोरी से दुष्कर्म करता रहा अधेड़ गर्भवती होने पर स्वजन को पता चला

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- महुआ खेड़ा क्षेत्र के एक गांव में अधेड़ एक किशोरी के साथ 3 माह तक दुष्कर्म करता रहा किशोरी के गर्भवती होने पर स्वजन को जानकारी हुई पुलिस के अनुसार 14 वर्षीय किशोरी को गांव के ही राज मिस्त्री ने अपने घर पर बुलाया वह दुष्कर्म किया 3 माह तक आरोपित दुष्कर्म करता रहा किशोरी गर्भवती हो गई 7 किशोरी ने दो दिन पहले पेट दर्द की शिकायत की तो स्वजन ने महिला अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण कराया पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित आरामी सिंह के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है

# वरुणा जोन के 12 चौकी प्रभारी हुए इधर से उधर,अनंत मिश्रा को लहुराबीर का चार्ज



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- ।सीपी ए सतीश गणेश ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए वरुणा जोन के 12 चौकी प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।चौकी प्रभारी रोडवेज रहे अनंत मिश्रा को लहुराबीर चौकी का चार्ज दिया गया है,वही आदित्य सिंह को रोडवेज चौकी का चार्ज दिया गया है

# चेयरमैन व भाजपा नेताओं ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सन्दीप वर्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन अनुपम शुक्ला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनिल कटियार,मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाकर जनता को स्वच्छता का संदेश दिया चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने कार्यक्रम में कहा देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार बनाना है,सभी लोग अपने आसपास गंदगी न होने दें जिससे हमारा नगर स्वच्छ रहे और गंदगी से होने वाली बीमारियों से हम और हमारे परिवार को बच ससक कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा नेता सोनू मिश्रा ने किया उन्होंने वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया इस अवसर पर ,डॉ तरुण कुमार,डॉ संजीव कुमार,डॉ संदीप शुक्ला, डॉ देवेंद्र सिंह,राजविंदर कौर, पप्पू दीक्षित,फार्मासिस्ट एम पी सिंह,फार्मासिस्ट संजीव वर्मा,गीता दिवाकर सिंह,सर्वेश कुमार,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिला दरोगा शशि के द्वारा छात्राओं को सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक,गुड टच- बैड टच की दी गयी जानकारी



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- जनपद के बलुवा थाने में तैनात महिला सब इंस्पेक्टर शशि सिंह व कांस्टेबल खुसबू रानी,शालिनी चौधरी, द्वारा 卐मिशन शक्ति फेज-3卐 के तहत क्षेत्र के बाल्मीकि इंटर कालेज में नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया।शशि सिंह ने थाना क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को 1090-वूमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा,गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जनसहयोग से स्मार्ट टीवी प्राप्त कर खिले चेहरे

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- विकास खण्ड डिलारी के प्राथमिक विद्यालय अदलपुर में आज दिल्ली निवासी श्रीमती सविता माथुर ने स्मार्ट टीवी दान कर बच्चों की शिक्षा की राह को सरल बनाने में सहयोग प्रदान किया हैं। श्रीमती सविता जी ने अपने स्वर्गीय पति श्री ए0पी0माथुर जी की स्मृति में यह पुनित कार्य किया। इसमें विशेष सहयोग रहा श्री अवधेश कुमार माथुर का। श्री अवधेश जी सोशल वेलफेयर एण्ड अपलिफ्टमेण्ट समूह के माध्यम से अब तक उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, आसाम, उत्तराखंड के विद्यालयों में अनेक माध्यम से जनसहयोग प्रदान कर बेहतर शिक्षा प्राप्ति के लिए अपना सहयोग प्रदान कर चुके हैं। विद्यालय में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री उदयवीर सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गुगल मीट के माध्यम से सोशल वेलफेयर समूह के सदस्य श्रीमती सविता माथुर दिल्ली से, श्री उमेश कुमार गुप्ता आस्ट्रेलिया से, श्री अरूण अग्रवाल गाजियाबाद से, श्री आलोक रस्तोगी किरतपुर बिजनौर से, श्री डी0वी0 सिंह चंडीगढ़ से,श्री आदित्य निरमल फर्रूखाबाद से भी जुड़े और बच्चों को अपना आशीष प्रदान किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने स्तर से विद्यालय को सहयोग की बात कही और विद्यालय में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि स्मार्ट टीवी से बच्चों के सीखने सीखाने की प्रकृति में रोचकता आती हैं।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संयोगिता प्र0अ0 ने किया। स0अ0 मीनाक्षी, रेनू और केशव कुमार का विशेष सहयोग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में रहा। प्र0अ0 संयोगिता का कहना है कि बच्चों को क्यू आर कोड स्कैन कर पढ़ना, यू ट्यूब के माध्यम से सिखाने में बहुत लाभ हमें मिलेगा और हमारा प्रयास रहेगा कि हमारी सभी कक्षाओं में स्मार्ट टीवी लग सकें।

# नौकरी दिलाने के नाम पर दिव्यांग से डेढ़ लाख ठगे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी थाना क्षेत्र के गांव में नौकरी दिलाने के नाम पर दिव्यांग युवती से डेढ़ लाख रुपये ठग लिए गए। गांव सुल्तानपुर दोस्त निवासी दिव्यांग युवती वंदना ने आरोप लगाया कि थाना डिलारी क्षेत्र के गांव पीपली उमरपुर निवासी युवक ने नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये ले लिए। युवती ने सिलाई, कढ़ाई कर एप के माध्यम से तीन बार में डेढ़ लाख रुपये दिए थे। काफी दिन बीतने के बाद भी नौकरी नहीं मिली तो पैसे मांगने शुरू कर दिए। आरोपी टालमटोल करता रहा। मामले को लेकर पंचायत भी बैठी, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। पीड़िता ने थाना डिलारी को पीपली उमरपुर निवासी मुनेश पवार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों द्वारा अपनी समस्यायें जैसे जर्जर विद्युत तारों, गन्ने के भुगतान, आवारा पशुओं व बंदरों से नुकसान आदि जिलाधिकारी के सम्मुख रखी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। किसान दिवस में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा गन्ने एवं धान की फसलों में आने वाले रोगों से बचाव की जानकारी कृषकों को उपलब्ध करायी गयी तथा सभी उपस्थित जनपदीय अधिकारियों यथा जिला उद्यान अधिकारी, लीड बैंक प्रबन्धक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। जिलाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जो समस्यायें किसान दिवस में आईं है उन्हें कृषक बंधु लिखित में फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा। जिलाधिकारी ने किसान दिवस में किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने बीमारी से बचाव हेतु पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि पशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये तथा क्षेत्रीय पशु चिकित्सा केन्द्रों पर पशुओं की दवाई की उपलब्धता बनाये रखें। उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या के संबंध में किसानों से आह्वान किया जनसहभागिता योजना में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से बेहतर संवाद बनाने एवं आपस में सामन्जस्य बनाने के निर्देश दिए। गन्ना भुगतान के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की दो शुगर मिलें बेलबाडा 17 करोड एवं बिलारी 31 करोड़ का भुगतान बकाया रह गया है जिसका भुगतान भी जल्द ही करा दिया जायेगा। गन्ना मिलों द्वारा समय से भुगतान न किये जाने पर जिलाधिकारी ने बताया कि जो गन्ना मिलें गन्ने का भुगतान समय से नही कर रही हैं उनका गन्ना क्षेत्र कम किए जाने पर विचार किया जायेगा। किसान दिवस में किसानों को उप निदेशक उद्यान ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन, जिला कृषि अधिकारी ने कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में किसानों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी। किसान दिवस में मुख्य रुप से कृषकों द्वारा कृषि की सिंचाई हेतु निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की तो लो वोल्टेज समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता को विद्युत संबंधी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या हेतु किसान ट्यूबवैल पर कैपिस्टर लगवा लें तो समस्यायें स्वतः हल हो जाएंगी। ओवर लोडिंग की समस्या भी हल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जर्जर तारों को बदलने के लिए केन्द्र सरकार की 3 लाख करोड की योजना है इसके अन्तर्गत सभी जर्जर तारों को बदला जायेगा। उन्होंने बताया कि समस्या के निस्तारण हेतु कंट्रोल रुम बनाया गया है जिसका नम्बर 7464996013 है, कृषक बंधु अपनी समस्याएं को कंट्रोल रुम के नम्बर पर भी बता सकते हैं। विलम्ब गन्ना भुगतान मूल्य तथा मूढापाण्डे क्षेत्र में आवारा पशुओं द्वारा खेतों में नुकसान करने, जल निगम द्वारा पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत कई वर्षो से सड़कों को खोदकर खराब स्थिति में होने, दलपतपुर क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइन, नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, गर्मी के मौसम में किसानों की फसलों की सिंचाई हेतु विद्युत की लगातार आपूर्ति तथा सड़कों को गड्ढामुक्ति कराने जैसी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Correctness of conduct

The scene of the demolition of two illegally built skyscrapers in Noida on a court order was not even erased from the mind that the Mumbai High Court has now ordered to demolish the illegal construction of Union Minister Narayan Rane's eight-storey bungalow in Juhu within two weeks. has ordered. The court has also imposed a fine of Rs 10 lakh on him. Such decisions coming against the influential people will surely have far-reaching effects. How strict the stand of the higher courts has become agai

nst such chaotic activities can be gauged from the fact that Rane's demand for moratorium was not even accepted till he appealed in the Supreme Court. There is a clear message of this decision that people in high positions of power should not be in any illusion that the law cannot harm them. Such judicial decisions strengthen the faith of the public in the rule of law. Unfortunately, the people who are supposed to guide the society are now drawing far more attention with their controversies.

The news of Punjab Chief Minister Bhagwant Mann being dropped from the plane in Frankfurt, Germany, went viral within minutes on social media. Although the Aam Aadmi Party has termed this whole episode as 'Propaganda' and its opposition parties are presenting this news in the media with a chuckle, but it is a very serious issue. This should not be seen as a political farce at all.

Every person sitting in prestigious constitutional posts of the country is not a representative of any one party or community on foreign soil, but he is representing the whole Indian tehzeeb. Therefore, people in responsible positions need to be very careful about their conduct on foreign soil. This should be a matter of concern for the entire political class.“Both these episodes hold much-needed lessons for our political class.

Political parties often argue that they are ministers or chief ministers because they have been elected and sent by the people. This is a very poor defense. Parties forget that voters gave them the mandate and they expect a clean government from them. The people made someone victorious because they had put him in front of them as their representative. In such a situation, the accountability of the concerned political party regarding the conduct of any public representative is more.

The irony is that no party is ready to think about this aspect. As a result, the increasing number of tainted in the legislative institutions continues to tarnish the credibility of the entire political class. In this era of ever-changing political allegiance and commitment, it is very important that they restore morality in their politics to save the parties within the country from being put to shame and the country from abroad.

Before fielding tainted and unscrupulous candidates, they should consider its serious implications. Indian democracy cannot be in the headlines in the world with such examples. If a few thousand Basaur people out of a population of 138 crores are unable to find our political parties, then on what basis can they claim to make the country great?


# Raju Srivastava had heart attack for the second time, funeral will be held on Thursday




Comedian Raju Srivastava died of a heart attack on Wednesday. This was his second attack. This has been confirmed by Raju Srivastava's nephew Kushal Srivastava. Raju Srivastava's wife Shikha Srivastava was wishing him a speedy recovery. Meanwhile, the comedian has passed away on Wednesday. Shikha Srivastava also called husband Raju Srivastava a true warrior - Shikha Srivastava also called husband Raju Srivastava a true warrior. He passed away on Wednesday morning. Raju Srivastava was 58 years old and was admitted to AIIMS Hospital in Delhi for 41 days. Prior to this, on 10 August, Raju Srivastava had suffered a heart attack for the first time in a Delhi hotel. Was working out in the gym. Then he felt pain in his chest and he collapsed. He was also on angioplasty, since then he was on ventilator and was unconscious. Ek din will sell the soil, Raju Srivastava passed away for the second time due to heart attack. Hua-Shikha said in an interview, 'I am not in a position to talk right now. What should I say now? He fought a lot. We were hoping that he would recover soon but it did not happen. All I can say is that he was a true warrior.' Raju's nephew Kushal Srivastava said, 'He passed away due to a second attack. We hoped that he would recover soon as he was fighting a battle for two months.' Many people have expressed grief over the death of Raju Srivastava.“Many people have expressed grief over the death of Raju Srivastava. These include the President, Prime Minister, Home Minister, Defense Minister and many Bollywood actors. Raju Srivastava also worked in many films. Apart from this, he appeared in the comedy show The Great Indian Laughter Challenge 2005. I was also seen

# 'Bhabhiji is at home!' Angoori sister-in-law was seen bathing in the middle of the forest in the open, people remembered Mandakini

TV's popular comedy show 'Bhabhiji Ghar Par Hain!' has been entertaining the audience for many years now. Based on Kanpur, this show remains a favorite of people for its special language and different style. Not only its story, but its actors also remain in a lot of discussion among the audience. The fan following of lead actress Angoori Bhabhi i.e. Shubhangi Atre, who won the hearts of people with her simplicity and naivety in this show, is quite strong. Fans keep a close watch on every activity of Shubhangi. Every picture of him becomes viral as soon as it comes on social media. Meanwhile, a picture of him is going viral on the internet. The bold style of the actress in this picture is surprising the fans. Taking a bath in the forest, the picture went viral - Angoori sister-in-law i.e. Shubhangi Atre has posted a latest photo of her on Instagram. In this picture, she is seen taking a bath in the middle of the forest. During this, she is wearing a hot sleeveless short dress of white color. In the picture you can see that a very beautiful waterfall is flowing behind them. The view during this time is looking very spectacular.“Fans are constantly commenting- This picture of Shubhangi Atre has created havoc on the internet. Fans' comments are constantly coming on this. Fans are tying bridges of their praise by commenting. Everyone is calling her hot, beautiful and gorgeous. At the same time, this look of her is reminding many of the actress Mandakini. Commenting on this, a user wrote, 'Miss Mandakini Pani Mein'. So far these pictures have got a lot of views.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## एक अभियुक्त 13 किलो विस्फोटक पदार्थ ( पटाखा ) के साथ गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता, मारहरा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त 13 किलो विस्फोटक पदार्थ ( पटाखा ) के साथ गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री संगम लाल मिश्रा के पर्यवेक्षण में चलाये जा अवैध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के खिलाफ अभियान के अन्तर्गत थाना मारहरा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त अखलेश पुत्र सूरजपाल सिंह निवासी बडा बाजार कस्बा व थाना मारहरा जिला एटा को तालागढ बडा बाजार कस्बा मारहरा जिला एटा से दिनांक 20.9.2022 को समय करीब 19.00 बजे मय एक थैला 13 किलो विस्फोटक पदार्थ (पटाखा) के गिरफ्तार कर थाना मारहरा पर मु0अ0स0 143/22 धारा 5/9क विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से वैधानिक कार्यवाही की

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से आरोपियों ने हजारों की नकदी पार कर दी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटीएम कार्ड बदलकर खाते से आरोपियों ने हजारों की नकदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध दर्ज कराई है। एएसआई होमगार्ड सोरन सिंह ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 16 सितंबर को बैंक ऑफ बड़ौदा की एटीएम मशीन से रुपये निकालने पहुंच थे। वही पर खड़े आरोपी ने मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदल लिया और पीड़ित के खाते से 45 हजार रुपये पार कर दिए। दूसरी तरफ कोतवाली देहात के गांव भदौ निवासी कृपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा की एटीएम मशीन से 15 अगस्त को निकालने गए थे। वहीं पर दो आरोपियों ने कार्ड बदल लिया और खाते से पच्चीस हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## अनियमितताएं बरतने और सरकारी धन को हड़पने की शिकायत

राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-आंवला- लिलौर सहसा प्रधान की मुस्किले कम होने का नाम नही ले रही है, ग्रामीणों ने पिछले दिनों में हुए विकास कार्य में अनियमितताएं बरतने और सरकारी धन को हड़पने की शिकायत जिलाधिकारी बरेली से की थी , जिसमे सी सी रोड , सामुदायिक शौचालय, ग्राम पंचायत सचिवालय, स्ट्रीट लाइट, सरकारी नल का रिबोर आदि बिंदुओ पर जांच करने के आदेश जिला समाज कल्याण अधिकारी बरेली को दिए है

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, पति को किया घायल

मुरादाबाद-नागफनी थाना क्षेत्र में आरोपी ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। घटना के बाद शिकायत करने थाने पर जा रहे पति पर आरोपी और उसके परिवार वालों ने हमला कर घायल कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। थाना नागफनी के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते दिन सुबह करीब आठ बजे उसके पति खेत पर गए थे। उसी दौरान आरोपी बंगला गांव निवासी आरोपी सिकंदर घर में घुस आया। बोल दिया। एसएचओ नागफनी जगपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर गम्भीर घायल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- थाना क्षेत्र के गांव नवदिया छुटाई पांडे में रहने वाले सत्तर वर्षीय गजोधर शाम घर से खाना खाकर टहलने के लिए सड़क पर निकले थे, तभी उधर से जनपद पीलीभीत थाना माधोटांडा के गांव देवीपुर में रहने वाला युवक कृष्णा पुत्र वेद राम ने अपनी बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वृद्ध सहित दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा होते देख मौके पर तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए और परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी खबर मिलते ही उपनिरीक्षक अंनत अमौर्या पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।और 108 एंबुलेंस की टीम ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल गजोधर व कृष्णा की हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दलदल भरा रामलीला मैदान, मंच तक कैसे पहुँचोगे प्रभु




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दलदल भरा रामलीला मैदान, मंच तक कैसे पहुँचोगे प्रभु ? व्यवस्था बनाने को चल रही चुपड़चाप, मुख्य द्वार पर खानापूर्ती उद्‌घाटन की तैयारी हाल ही में हुई हल्की फुल्की बारिश ने एटा में प्रभु श्रीराम की लीला में भी विघ्न डाल दिया । अब एक तरफ इंद्रदेव तो दूसरी तरफ जिम्मेदार पदाधिकारी ऐसे में रामराज की कल्पना करने बाली संत की सरकार में भी प्रभु श्रीराम की लीला का परम्परागत तरीके से उद्‌घाटन भी नहीं हो पा रहा

## एटा-एसएसपी उदय शंकर ने किये उप निरीक्षको के तबादलें

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 20 उप निरीक्षकों के किये गए तबादलें 1. उ0नि रामकेश राजपूत - वरिष्ठ उप निरीक्षक अलीगंज एटा से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कोतवाली देहात एटा 2. उ0नि शिवकुमार -थाना पिलुआ से प्रभारी चौकी भदवास थाना पिलुआ 3. उ0नि अभिलाष सिंह - प्रभारी चौकी टीपी नगर कोतवाली देहात से प्रभारी चौकी बेरनी थाना जलेसर एटा 4. उ0नि जय किशन कुमार - थाना जैथरा से प्रभारी चौकी टीपी नगर कोतवाली देहात 5. उ0नि अश्वनी कुमार -स्वाट टीम से प्रभारी चौकी लिप्टन कोतवाली देहात 6. उ0नि टुकी राम -यूपी 112 से यूपी 112 कंट्रोल रूम 7. उ0नि कन्हैया लाल ( मु0आ से उ0नि पद पर पदोन्नति के उपरांत )- पेशी सीओ नगर से पेशी सीओ नगर 8. उ0नि नवल सिंह - यूपी 112 से थाना पिलुआ एटा 9. उ0नि नवीन कुमार शर्मा -डीसीआरबी/ संगठित अपराध सेल से प्रभारी मानव अधिकार सेल एटा 10. उ0नि राजेंद्र सिंह - थाना निधौली कला से थाना मिरहची एटा 11. उ0नि चंद्रपाल सिंह ( मु0आ से उ0नि पद पर पदोन्नति के उपरांत )- थाना अलीगंज से थाना अलीगंज एटा 12. उ0नि रतनलाल - थाना सकरौली से न्यायालय सुरक्षा एटा 13. उ0नि बीरबल सिंह - न्यायालय सुरक्षा से थाना नयागांव एटा 14. उ0नि भूरे सिंह - यूपी 112 से यूपी 112 कंट्रोल रूम 15. उ0नि धर्म सिंह - पुलिस लाइन से थाना जलेसर एटा 16. उ0नि राजेंद्र सिंह - थाना सकरौली से थाना सकरौली एटा 17. उ0नि वीरेंद्र सिंह - पुलिस लाइन से थाना मलावन एटा 18. उ0नि राजेंद्र सिंह - जजी माल खाना से प्रभारी जजी माल खाना 19. म0उ0नि माया देवी - अभियोजन कार्यालय से अपराध शाखा महिला बाल सुरक्षा संगठन एटा 20. म0उ0नि मंजू भदोरिया - पुलिस लाइन से प्रभारी कल्याण केंद्र/पुलिस लाइन एटा

## विश्व हिन्दू परिषद की मासिक बैठक का आयोजन ग्रीन गार्डन में किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विश्व हिन्दू परिषद की मासिक बैठक का आयोजन ग्रीन गार्डन में किया गया जिसकी अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यक्रमो की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमो की रणनीति बनाई गई। विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहां कि हिन्दू आस्था पर कुठाराघात की घटनाएं लगातार बढ़ रही है इस वजह से पूरे ब्रज प्रांत के सभी 23जिलो मे 6नवम्बर से 20नवम्बर तक हित चिंतक अभियान चलाया जायेगा जिसके लिए सभी लोग प्रचार प्रसार शुरू करे प्रत्येक प्रखंड मे कम से कम दो हजार हितचिंतक बने ऐसा लक्ष्य लेकर मौहल्ले बस्ती तक प्रचार प्रसार करना ताकि 6से20नबम्बर के मध्य चलने वाले हितचिंतक अभियान को आसानी से पूरा किया जा सके। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर घर जाकर बनायेंगे हितचिंतक सदस्य। बैठक में, सुधाकर गुप्ता, प्रभात कुलश्रेष्ठ, शिवांग गुप्ता, मुकेश राठौर, सुभाष पाल, आचार्य सुखदेव गिरि, राजेश चौहान,अनुभव गुप्ता, सौरभ सोलंकी, मीनाक्षी गुप्ता, रत्नेश गुप्ता,ममता सिंह, अमित गुप्ता,गौरव पुन्डीर, आदि उपस्थित थे।

# सूरजपुर पुलिस ने पीएसीएल चिटफण्ड कंपनी के 1 डायरेक्टरों को किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ श्री अशोक जुनेजा व पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय कुमार यादव के द्वारा चिटफण्ड कंपनी के विरूद्व लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे, इसी परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में थाना सूरजपुर पुलिस ने चिटफण्ड कंपनी के 1 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है। विगत वर्ष 2016 में ग्राम केतका, थाना सूरजपुर निवासी कमल सिंह केराम एवं ग्राम गंगोटी, चौकी बसदेई निवासी रनमेत बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी सुखदेव सिंह निवासी जलियाकलान थाना चमकौर साबेह जिला रोपड़ पंजाब एवं उसके अन्य साथियों के द्वारा पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर रूपया जमा कराया गया जो मैच्यूरिटी अवधि पूर्ण होने पर भी पैसा वापस नहीं कर धोखाधड़ी किया गया। दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में क्रमशः अपराध क्रमांक 96/16 व अपराध क्रमांक 182/16 धारा 420, 120बी भादसं., 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन अधिनियम 1978, छ.ग. निक्षेपकों के हितों की संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। पूर्व में इस कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह व सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर जोगेन्दर टाईगर वर्तमान में थाना कोतवाली जिला कर्वधा में पंजीबद्ध मामले में गिरफ्तार होकर जिला जेल कवर्धा में निरूद्ध है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने माननीय न्यायालय से प्रोडेक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी को कर्वधा जेल से विधिवत सूरजपुर लाया गया और विस्तृत पूछताछ के बाद दोनों मामलों में कंपनी के डायरेक्टर आरोपी जोगिंदर टाईगर पिता रघुवीर सिंह उम्र 66 वर्ष चंडीगढ़ पंजाब फनबिल, थाना सदर, जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सूरजपुर में पेश किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर था और अन्य डायरेक्टर के साथ मिलकर निवेशकों के राशि को डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए सूरजपुर जिले के करीब 11 हजार निवेशकों का करीब 30 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, निरीक्षक जावेद मियांदाद, एसआई संतोष सिंह, एएसआई रोपन टोप्पो, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, आरक्षक अनुज सिंह, सुहैल राजा व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

# कोयला चोरी मामले में 01 आरोपी गिरफ्तार, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- बीते 21 जुलाई को थाना प्रातपपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम गोंदा में चोरी का कोयला परिवहन कर रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5100 को रोकवाया, पुलिस को देखकर ट्रक का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला, ट्रक में 2 व्यक्ति देवेन्द्र सिंह व महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गोंदा मिले जिन्हें पकड़ा गया, ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 15 टन कोयला कीमत 60 हजार रूपये का लोड़ पाया जो चोरी का होने के अंदेशा पर धारा 41( 1-4 )/ 379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए ट्रक एवं कोयला जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, वहीं मामले में अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने मामले में आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में जप्त ट्रक के मालिक चंद्रिका प्रसाद जायसवाल से कोयला स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज चाही गई जो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मामले में आरोपी चंद्रिका प्रसाद जायसवाल पिता रामस्वरूप राम उम्र 63 वर्ष निवासी लटोरी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक भागवत पैंकरा व आरक्षक जयप्रकाश पन्ना सक्रिय रहे।

# एकल अभियान 10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग भाग अंबिकापुर अंचल सूरजपुर



रामचंद्र जायसवाल


दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- केतकी झरिया भवन कुदरगढ़* प्रशिक्षण के अधिकारी बोधन प्रजापति जी ग्राम स्वराज प्रमुख रामेश्वर यादव जी उपस्थित थे दस दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी एकल अभियान के कार्यकर्ताओ ने कुदरगढ में पूजा करते हुए प्रशिक्षण की शुरुआत किया गया संच भैयाथान, ओड़गी, बिहारपुर के आचार्य जैसे संच- भैयाथान के संच प्रमुख सोबरन प्रजापति जी और आचार्य विद्यालय ग्राम परसिया से उमेश रजवाड़े, कुधरी से रितेश विश्वकर्मा चैनपुर से पूनम पैकरा, सिरसी से निक्की जायसवाल, बैजनाथपुर से मंगल सिंह, एवम, ओड़गी के संघ- प्रमुख रामबुलारक गुर्जर जी और अचार्य बसंतलाल गिरजापुर से, पालदलोनी से रामबाई, धूर से अजय सोनी, बभना से बसंती, धरसेडी से रानू यादव, बैरियर से महेंद्र कुमार , खर्रा से फर्मेंद कुमार भवारखो से बसंत लाल जी मयूर्धकी से विजय, पुटकी से शिवांश, बड़कपारा से हर्षिद खर्रां से रामजन्म, भंडारपारा से विपिन साहू, लुकभुकिया से अशोक कुमार, नौडीहा से प्रवेश, टमकी से गुलाबचंद, बेदमी से कृष्ण कुमार, बरपारा से श्याम देव, असुरा से आनंद कुमार, नवापारा से भूपेंद्र, से मसंकी 2 मानसाय, बाक से बाग से श्याम बरन बिहारपुर संच के संच प्रमुख रामसुभक जी व. आचार्य विद्यालय ग्राम सेमरा से बसंती ,पेंडारी से देवकुंवर सिंह जी, बीसालपुर से अनरूप सिंह, देवढ़ी से कृष्णा प्रजापति, बभनकोन से संतलाल, मोहरसोप से मंजू देवांगन, बेगारीडाड से रामवृक्ष, बिहारपुर से मुकुंदलाल, चौराडाड से रामनारायण, हाथीचुआ से अर्जुन सिंह, रमाई से देवकली, कांतिपुर से श्यामबिहारी,अवंतिकापुर से नित्यानंद, खैरा से राधिका

# अधिकारी क्षेत्र का दौरा करें किसानों की धान की खेती को कितना नुकसान हुआ है सूची बनाकर शासन को भेजे- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जिले के आला अधिकारियों से कहां है कि तीन-चार दिन की बारिश ने तबाही मचाई है किसानों की धान की खेती को भारी नुकसान पहुंचा है जो धान की खेती को नुकसान पहुंचा है अधिकारी क्षेत्र का दौरा करके धान की फसल के नुकसान का आंकलन करें रिपोर्ट लगाकर शासन को भेजें भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि क्षेत्र के बहुत किसानों ने बताया है कि उनकी खेती को लगातार बारिश ने काफी नुकसान पहुंचाया है खड़ी हुई फसल जमीन पर गिर गई है जो फसल जमीन पर गिर गई है वही सबसे भारी नुकसान हुआ है धान की फसल का एंड है बड़ी मेहनत से धान की खेती किसानों की होती है वह भी नुकसान में आ जाए किसान एवं उसका परिवार झेल नहीं पाता है उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी किसानों के प्रति वचनबद्ध हैं किसानों का नुकसान उत्तर प्रदेश सरकार नहीं देख सकते अधिकारी इस धान की फसल का अवश्य संकलन करें किसानों की पूरे जिले भर के सूची बनाकर के सरकार को भेजें जिससे कि इन किसानों को सरकार नुकसान के आधार पर खुश भरपाई कर सके अधिकारी इस बात को अच्छी तरह से समझ लें उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ की सरकार है किसानों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा क्योंकि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है इतना पिछली सरकारों ने नहीं खिलाए भाजपा किसान मोर्चा पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जिले के अधिकारियों से सीधा कहां है क्षेत्र में दौरा करें किसानों की समस्याएं सुने धान की खेती को कितना नुकसान पहुंचा है उसकी सूची तैयार करें और उत्तर प्रदेश सरकार को भेजें जैसे कि सरकार किसानों के लिए कुछ कर सके किसानों को नुकसान धान की खड़ी फसल को अधिक पहुंचाएं यही अधिकारियों को आंकलन लगाना है

# बकरी के विवाद में तीन की हत्या, 24 साल बाद अदालत ने 14 लोगों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

श्रावस्ती में 24 साल पुराने सामूहिक हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश ने 14 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस हत्याकांड में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। बकरी के विवाद में हुई हत्या के हर आरोपी पर अदालत ने 56 हजार 800 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम तुरहनी रज्जब निवासी सत्तार के खेत में जमील की बकरी चली गई थी। जमील का लड़का कल्लू अपनी बकरी पकड़ने सत्तार के खेत में गया तो विवाद शुरू हो गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में शब्बीर और मुजीबुर्रहमान की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा सत्तार ने बहराइच जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था। दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। अपर जिला शासकीय



अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना नौ जनवरी 1998 की है। विवेचक ने 16 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय पर चार्ज शीट प्रस्तुत की लेकिन दौरान मुकदमा दो अभियुक्त रियासत व जब्बार की मृत्यु हो गई थी। मामले का विचारण न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ( फास्ट ट्रैक ) कोर्ट पर हुआ। अभियोजन पक्ष की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज देव गुप्ता ने किया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने मामले में 14 अभियुक्तों मोहर्रम अली, चुन्नू पुत्र रमजान, बुधई पुत्र सत्तार, दौलत,जमीर पुत्र इब्राहिम, दिलबहार व मकबूल पुत्र शेर बहादुर, साबिर पुत्र जमीर, कादिर पुत्र चुन्नू, कयूम पुत्र रियासत, मंगरे पुत्र भुल्लू, नईमुल्ला पुत्र मोहर्रम अली, घसीटे उर्फ बाउर पुत्र मुख्तियार निवासीगण तुरहनी रज्जब थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती व छोटू पुत्र हबीब निवासी खंडेला थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को इस हत्याकांड में दोषी मानते हुए सभी अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रति आरोपी 56 हजार 800 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दो वर्ष की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा हर अभियुक्त को भुगतनी पड़ेगी।

# आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा पर्व पर पीस कमेटी की बैठक





प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना मल्हीपुर में आगामी दुर्गा पूजा बारावफात के पर्व पर शान्ति समिति की बैठक थाना परिसर में थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह की अध्यक्षता हुई जिसमें छेत्र के आये लोगो से आने वाली परेशानी के बारे में सुझाव लिया । थाना प्रभारी ने दुर्गा पूजा के स्थल में कोई परेशानी नही होनी चाहिए सभी मूर्ति समय से विसर्जन होनी चाहिए किसी भी प्रकार से मार्ग को अवरुद्ध नही होना चाहिए। धर्मिक मान्यता के अनुसार त्यौहार को प्रेम से सम्पन्न कराने में सहयोग करे थाने के कोई भी सुझाव हो उसे तुरंत बताए पुलिस की तरफ से पूरी सुरक्षा यव सहयोग दिया जाएगा बिगत वर्ष मतखनवा में आई कुछ दिक्कत को सुना और निराकरण किया। प्रभारी ने बताया कि सासन के मंशानुसार नई परंपरा न कायम किया जाए ।जनरेटर संबंधी तार नंगा न रखे इससे दुर्घटना होने की संभावना बिल्कुल भी न रहे। सभी आयोजक अनुमति जरूर प्राप्त कर ले, सभी प्रतिमाएं समय से विसर्जित करा दे। इसअवसर पर रणवीर सिंह विसंभर श्रीवास्तव बलविंदर सिंह राम प्रगट प्रधान गौरी सोनी मनीष वर्मा अब्दुल हमीद, मोनू साहू,कादिर खा, बाबू राम पाठक रोहित कुमार गुप्ता बलभद्र प्रसाद गुड्डू सिंह सहित सभी प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य निरीक्षक राम नेवल यादव उप निरीक्षक मनोज कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# यूपी की प्राइवेट चीनी मिलों पर किसानों का 3964 करोड़ बकाया, अखिलेश का तंज- योगी सरकार में मंत्री की ही सुनवाई नहीं

यूपी में गन्ना मूल्य बकाया जहां हमेशा से मुद्दा रहा है। हालांकि योगी सरकार ने 2020-21 तक का लगभग पूरा भुगतान सुनिश्चित करा दिया है लेकिन प्रदेश की निजी चीनी मिलों पर पेराई सत्र 2021-22 का 3ग964.45 करोड़ रुपये बाकी होने की बात सामने आई तो पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला करने में देर नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार है, इसके बावजूद करीब चार हजार करोड़ रुपये किसानों का भुगतान नहीं हुआ और ये लोग किसानों के हितैषी बनने का दावा करते हैं। उन्होंने तंज किया कि मंत्री भुगतान करना चाहते हैं लेकिन इनकी भी सुनवाई नहीं हो रही है। दरअसल, विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन एक सवाल के जवाब में यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण बताया कि पेराई सत्र 2021-22 में निजी क्षेत्र की कुछ चीनी मिलों पर 3ग964.45 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान का बकाया है। सपा मुखिया ने इसी को लेकर सरकार पर हमला बोल दिया। विधानसभा में बुधवार को प्रश्?नकाल में समाजवादी पार्टी के सदस्य पंकज मलिक ने चीनी मिलों पर बकाया और भुगतान के बारे में प्रश्न किया था जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश में मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों पर पेराई सत्र 2018-19ग 2019-20 और 2020-21 का कोई



गन्ना मूल्य बकाया नहीं है। उन्होंने कहा कि सहकारी चीनी मिलों पर सिर्फ पेराई सत्र 2021-22 का 440.67 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया है। इसी प्रकार प्रदेश की निजी क्षेत्र की चीनी मिलों पर पेराई सत्र 2018-19 और 2019-20 का कोई गन्ना मूल्य बकाया नहीं है। पेराई सत्र 2020-21 का एकमात्र गड़ौरा ( महराजगंज ) चीनी मिल पर 11.44 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य बकाया है। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 2021-22 का निजी क्षेत्र की चीनी मिलों पर 3ग964.45 करोड़ रुपये का बकाया है। पूरक प्रश्?न में पंकज मलिक और राष्ट्रीय लोकदल के प्रसन्न कुमार ने पूछा कि क्या किसानों को ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा और 14 दिन के भीतर जो मिल मालिक भुगतान नहीं कर रहे, उनपर क्या कार्रवाई की जाएगी। इस पर गन्ना मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में ब्याज माफ करने का एक आदेश हुआ था। वह मामला आज भी अदालत में लंबित है। इस पर अखिलेश यादव ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि हमें सरकार से गये साढ़े पांच साल से ज्यादा हो गये हैं। हमने किन परिस्थितियों में इसे माफ किया था, उसे ध्यान में रखे बिना मंत्री बोल रहे हैं। उन्होंने तंज किया कि मंत्री भुगतान करना चाहते हैं लेकिन इनकी भी सुनवाई नहीं हो रही है।

# बीती रात को चोरों ने दीवार फांद कर घर मे घुस कर रखा सामान पर किया हाथ साफ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत हंस राज वर्मा पुत्र सुरेंद नाथ वर्मा निवासी हर वंश पुर जब्दी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के मूल निवासी है । हंसराज वर्मा ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रात में पड़ोसी के दीवार पर चढ़ कर प्रार्थी के घर के अंदर घुस गए । हंसराज वर्मा कमरे में लेटे थे उस दरवाजे में बाहर से सिटकनी बन्द कर दिया । और बगल के कमरे में रखा अलमारी में रखा सामान जिसमें 1 अदद हँसली , सोने की 2 तोला बाला, सोने की 1 लथुनी , सोने की 1 मनचली , 1 सोने की कील , पायल 3 जोड़ा , चुटकी 4 जोड़ा , जंजीर 2 जोड़ा, अंगूठी 1, झुमकी 1, तथा बैग में रखा सामान को उठा ले गए । पीछे की खिड़की खोल करके बाहर चले गए पड़ोस के विक्रम जीत ने प्रार्थी को आवाज दिया तब प्रार्थी देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है तब आवाज देकर दरवाजा खुलवाया ।घर के अंदर हँसराज गए तो बैग नही मिला । प्रार्थी को शंका की प्रतिवादी धर्मराज पुत्र लल्लू प्रसाद ने चोरी किया है । हँसराज वर्मा ने नाम दज तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# यूपीः खतरे के निशान से 53 सेमी ऊपर पहुंचा सरयू नदी का पानी, बांध और बंधे के बीच के गांवों में बाढ़





अयोध्या में सरयू नदी का पानी इस सत्र के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार यह खतरे के निशान से 53 सेमी ऊपर पहुंच गया है। उधर, बस्ती के छह संवेदनशील बंधों पर सरयू नदी के पानी का दबाव बढ़ गया है। बाढ़ खंड के कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारी लगातार बाढ़ और बंधे पर नजर बनाए हुए हैं। नदी और बंधे के बीच डेढ़ दर्जन गांव पानी से घिर गए हैं, जहां के लोगों को आने-जाने से लेकर कई प्रकार की दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। सरयू का जल स्तर बढ़ने से अति संवेदनशील तटबंध कटरिया-चांदपुर, गौरा-सैफाबाद तटबंध पर पानी का तेज दबाव बना हुआ है। तटबंध और नदी के बीच बसे करीब एक दर्जन गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरीके से घिर गए हैं। प्रशासन की मदद के नाम पर अभी तक बाढ़ पीड़ितों को कोई सहायता नहीं मिली है। बाढ़ खंड विभाग संवेदनशील स्थलों की निगरानी में लगा हुआ है। मंगलवार को एसडीएम हर्रैया न्यायिक अतुल आनंद एवं तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी ने अति संवेदनशील तटबंध कटरिया चांदपुर का निरीक्षण कर राजस्व निरीक्षकों को बाढ़ ग्रस्त गांव में तत्काल सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। बाढ़ खंड के एसडीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार प्रबंधों पर निगरानी की जा रही है।

### बाढ़ ग्रस्त गांव की दुश्वारियां बढ़ीं

सरयू नदी के उफान के कारण नदी और तटबंध के बीच बसे गांव ग्रामीणों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। प्रशासन की तरफ से अभी तक तीन गांव के लोगों के लिए कोई मदद नहीं मिल पाई है। बाढ़ से घिरे गांव सुविखा बाबू गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरीके से गिर गया है। वहीं बिशुनदासपुर की दलित बस्ती, टेढवा, भूअरिया भी बाढ़ के पानी से पानी से पूरी तरीके से गिर गए हैं। सबसे अधिक परेशानी सुविखा बाबू गांव के ग्रामीणों को हो रही है। यहां के लोग करीब तीन किलोमीटर पानी से होकर तटबंध पर पहुंच रहे हैं। प्रशासन की तरफ से अभी तक नाव नहीं लगाई गई है।

प्रशासन दावा कर रहा है कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए चार नावे लगाई गई हैं। गांव के लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष करीब एक माह से अधिक नावे चली थी लेकिन तहसील प्रशासन के तरफ से हम लोगों को पैसा नहीं मिला है। मंगलवार कि सुबह सुविखा बाबू गांव जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम नाव का इंतजार करती रही लेकिन दोपहर दो बजे तक स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में नहीं पहुंच पाई थी।

### विक्रमजोत ब्लॉक के चार गांव मैरूंड

सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से विक्रमजोत विकास खण्ड के चार गांव कल्यानपुर, भरथापुर, पड़ाव व चांनपुर मैरुण्ड हो गये हैं। दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। केंद्रीय जल आयोग का अनुमान है कि अपस्ट्रीम का जलस्तर कम होना शुरू हो गया है। विकास क्षेत्र के कवलपुर, चानपुर, संदलपुर, छतौना, कन्हईपुर, नरसिंहपुर, खेमराजपुर, अइलिया जुग्गाराय, शम्भूपुर सहित दर्जन भर गांव में पानी भरने लगा है। मांचा, रिधौरा, हैदराबाद सहित गांवों के सिवान में पहुंच गया है। कल्यानपुर में लाल बहादुर, संवारी देवी, रामचरन, रामतेज व भरथापुर में फागू आदि के घरों में बाढ़ का पानी भर गया है।

### पशु चारे का संकट

विक्रमजोत विकास खंड क्षेत्र के नदी के तटवर्ती गांव में पशुपालकों को पशु चारे के संकट का सामना करना पड़ रहा है। बाढ आते ही पशुपालकों को पशुपालन विभाग की तरफ से भूसा का वितरण किया जाता था। इस बार भी कल्याणपुर, भरथापुर, बाघानाला, फूलडीह, संदलपुर के पशुपालक प्रशासन से भूसा की आस लगाए हैं। इस संबंध में राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राम मूर्ति वर्मा ने बताया कि अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई निर्देश नहीं मिला है।


आपका लोकप्रिय दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

ज्वाइन करने का सुनहरा मौका

आवश्यकता है

बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की

संपर्क करें- 9027776991


## बैंककर्मियों की धमकी से किसान पिता-पुत्र दोनों को आया हार्ट अटैक, बाप की जान गई, बेटा अस्पताल में भर्ती



हमीरपुर में इंडियन बैंक के कर्मचारियों की धमकी से पिता-पुत्र को हार्टअटैक पड़ गया। पिता की घर पर ही मौत हो गई। बेटे का इलाज कानपुर में चल रहा है। परिवार के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी इस मामले में गुहार लगाई है। हालांकि शाखा प्रबंधक ने किसी तरह की धमकी की बात से इनकार किया है। चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके पिता ने कस्बे की इंडियन बैंक शाखा से सितंबर 2016 में किसान क्रेडिट कार्ड से 5.70 लाख का ऋण लिया था। वर्ष 2018 में बैंक मैनेजर ने इसको जबरिया नवीनीकरण करा दिया। यह ऋण अब 10 लाख से ऊपर हो गया है। 24 अगस्त को बैंक कर्मचारी प्राइवेट वसूली एजेंट को साथ लेकर गांव आ धमके और बकाया जमा न करने पर जमीन नीलाम करा देने की धमकी दी। इससे पिता द्वारका प्रसाद और बड़े भाई को हार्टअटैक पड़ गया। पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई की जान कानपुर में भर्ती कराकर बचाई जा सकी। वहीं, शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने किसान पुत्र के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने किसी तरह की धमकी नहीं दी है। जमीन नीलामी का आरोप बेबुनियाद है। महज बकाया जमा कराने को कहा गया था।